Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **12** ] [ Total No. of Printed Pages : **8**

# SC–350

## B.Com. (Part–III) Suppl. Examination, 2021

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - I

## (Corporate Accounting)

*Time : 1½ Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

### (खण्ड–अ)

1. (i) The assets purchased by a company from a running business were valued at ₹ 5,40,000 and its liabilities were taken at ₹ 1,50,000. The amount of purchase consideration was agreed at ₹ 6,00,000. What is the amount of goodwill ?

एक कम्पनी द्वारा चालू व्यवसाय से क्रय की गई सम्पत्तियों का मूल्य ₹ 5,40,000 तथा लिए गए दायित्व ₹ 1,50,000 के हैं। क्रय प्रतिफल की राशि ₹ 6,00,000 तय की गई है। ख्याति की राशि क्या है ?

(ii) What is the overall maximum limit of managerial remuneration under Section 197 of the Companies Act, 2013 ?

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के अनुसार प्रबन्धकीय पारिश्रमिक की कुल अधिकतम सीमा क्या है ?

(iii) What is meant by Divisible Profit ?

विभाजन योग्य लाभ से क्या तात्पर्य है ?

(iv) What is Capital Reduction Account ?

पूँजी कटौती खाता क्या है ?

(v) What is External Reconstruction ?

बाह्य पुनर्निर्माण क्या होता है ?

(vi) What do you mean by Unsecured Creditors ?

असुरक्षित लेनदारों से आप क्या समझते हैं ?

(vii) Explain minority interest in the context of consolidated balance sheet.

एकीकृत चिट्ठे के सन्दर्भ में अल्पसंख्यकों का हित समझाइए।

(viii) What is the formula of valuation of goodwill by capitalisation of super profit ?

अधिलाभों के पूँजीकरण द्वारा ख्याति का मूल्य ज्ञात करने का सूत्र क्या है ?

(ix) What do you understand by yield value of shares ?

अंशों के प्रत्याय मूल्य से आपका क्या आशय है ?

(x) What type of undertakings adopts Double Account System ?

दोहरा खाता विधि किस प्रकार के उपक्रमों द्वारा अपनाई जाती है ?

## Section–B

**(खण्ड–ब)**

2. P Ltd. decides to amalgamate R Lid. on 1st April, 2019 on which date Balance Sheet contained the following items :

   (i) Sundry debtors of P Ltd. include a debt of ₹ 25,000 due by R Ltd.

   (ii) Bills payable of R Ltd. include ₹ 2,000 payable to P Ltd. Out of these, bills worth ₹ 1,200 have been discounted with the Bank.

   (iii) Stock-in-trade of P Ltd. includes goods costing ₹ 75,000 purchased from R Ltd. on which the later company made a profit of ₹ 1,000.

   Pass Journal entries at the time of amalgamation in the books of purchaser company in respect of the above items.

   पी लिमिटेड ने आर लिमिटेड का 1 अप्रैल, 2019 को एकीकरण करने का निश्चय किया जिस दिन उनके चिट्ठे में निम्नलिखित मदें पाई जाती हैं :

   (i) पी लिमिटेड के विविध देनदारों में आर लिमिटेड द्वारा देय ₹ 25,000 की राशि सम्मिलित है।

   (ii) आर लिमिटेड के देय बिलों में पी लिमिटेड को देय ₹ 2,000 की राशि सम्मिलित है। इनमें से ₹ 1,200 के वित्त बैंक से भुनाये गये हैं।

   (iii) पी लिमिटेड के स्टॉक में आर लिमिटेड से खरीदा गया ₹ 75,000 की लागत का माल सम्मिलित है जिस पर बाद वाली कम्पनी ने ₹ 1,000 का लाभ कमाया था।

   उपर्युक्त मदों से सम्बन्ध में क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

3. Calculate value of goodwill by Capitalization of Super Profit from the following informations :

   (a) Average capital employed ₹ 4,00,000

   (b) Net profits of preceding four years ₹ 71,000; ₹ 78,000; ₹ 77,000 and ₹ 80,000 respectively

   (c) Normal rate of return in similar type of business is 12.5%

   (d) Net profit for each of the first two years includes income from non-trade investments ₹ 3,000

(e) Fair remuneration of owner of business for his services (not charged in above stated profits) ₹ 15,000

(f) Simple average of preceding years profits may be used for ascertaining future maintainable profit

निम्नलिखित सूचनाओं के अधिलाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति का मूल्य परिकलित कीजिये :

(अ) औसत विनियोजित पूँजी ₹ 4,00,000

(ब) पिछले चार वर्षों के शुद्ध लाभ ₹ 71,000; ₹ 78,000; ₹ 77,000 एवं ₹ 80,000 क्रमशः हैं

(स) इसी प्रकार के व्यापार में सामान्य प्रत्याय दर 12.5%

(द) प्रथम दो वर्षों के शुद्ध लाभों में प्रतिवर्ष ₹ 3,000 गैर-व्यापारिक विनियोगों से आय शामिल है

(य) व्यवसाय के स्वामी का उसकी सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक ₹ 15,000 वार्षिक है (जो कि उपर्युक्त बताये हुए लाभों में से घटा हुआ नहीं है)

(र) भविष्य में कायम रहने वाले लाभों के लिए गत वर्षों के साधारण औसत लाभ लिये जा सकते हैं

4. A Ltd. had a balance of ₹ 14,820 in its Surplus in Statement of Profit and Loss on 1st April, 2018. During 2018-19 its profits before tax amounted to ₹ 1,47,500. The income tax for the year amounted to ₹ 46,020. The company decided to transfer ₹ 10,000 to the General Reserve, ₹ 15,000 to Sinking Fund for Redemption of Debentures and to pay a dividend for the year 2017-18 at the rate of 10%. The company's share capital consisted of 50,000 shares of ₹ 10 each. Prepare a note to be annexed to Balance Sheet showing allocations and appropriations of profit for the year ending 31st March, 2019. Assume rate of tax on dividend @ 20.56%.

ए लिमिटेड के पास 1 अप्रैल, 2018 को लाभ-हानि के विवरण के आधिक्य में ₹ 14,820 का शेष था। वर्ष 2018-19 का उनका कर पूर्व लाभ ₹ 1,47,500 हुआ। इस वर्ष का आयकर ₹ 46,020 था। कम्पनी ने निर्णय लिया कि ₹ 10,000 सामान्य संचय में ₹ 15,000 ऋणपत्र शोधन कोष खाते में व सामान्य अंशों पर वर्ष 2017-18 के लिए 10% लाभांश का भुगतान किया जाए। कम्पनी की निर्गमित पूँजी 50,000 अंशों में है जो प्रत्येक ₹ 10 वाले हैं। कम्पनी की पुस्तकों में 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ-हानि के विवरण से सम्बन्धित लाभों के आबंटन एवं नियोजन की टिप्पणी (Notes to Accounts) तैयार कीजिए। लाभांश पर 20.56% कर की दर मानिये।

5. Ratan & Company Limited issued 10,000 shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20 per share. The issue was underwritten as follows :

रतन एण्ड कम्पनी लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 10,000 अंश ₹ 20 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये। निर्गम का अभिगोपन निम्नलिखित प्रकार से हुआ :

A 5,000 shares (including Firm underwriting 1,000 shares)

B 3,000 shares (including Firm underwriting 500 shares)

C 2,000 shares (including Firm underwriting 500 shares)

Company received applications for 9,000 shares, out of which following being the shares (including firm underwritten) applied on marked forms for : A 3,500 shares, B 1,400 shares and C 1,600 shares. What is the net liability (i.e. excluding firm underwriting) of each underwriter and how much commission each underwriter will get, assuming that agreed rate of commission is the maximum as permitted under Rule No. 13 prescribed according to Section 40(6) of the Companies Act, 2013 ?

कम्पनी को 9,000 अंशों के आवेदन प्राप्त हुए, उनमें से (फर्म अभिगोपन सहित) चिह्नित आवेदन पत्र : A 3,500 अंश, B 1,400 अंश तथा C 1,600 अंश हैं। प्रत्येक अभिगोपक का शुद्ध दायित्व (अर्थात् फर्म अभिगोपन को छोड़ते हुए) क्या होगा और प्रत्येक अभिगोपक को कितना कमीशन मिलेगा, यह मानते हुए कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 40(6) के अन्तर्गत निर्धारित नियम संख्या 13 द्वारा स्वीकृत अधिकतम दर से कमीशन देना तय हुआ।

6. A gas company rebuilds its works at cost of ₹ 60,00,000. The works which had originally cost ₹ 24,00,000, is completely replaced. In making the new works, old material of ₹ 2,00,000 was re-used and some old materials was sold for ₹ 80,000. The cost of material, labour and overhead is respectively 100%, 50% and 25% higher now than when the old works were built. The original ratio of materials, labour and overhead may be taken as 6 : 3 : 1 respectively. Pass necessary Journal entries.

एक गैस कम्पनी अपने कारखाने का ₹ 60,00,000 पर पुनर्निर्माण कराती है। कारखाने को जिसकी मूल लागत ₹ 24,00,000 थी, पूर्ण रूप से पुनः स्थापित किया गया। नये कारखाने को बनाने में ₹ 2,00,000 की पुरानी सामग्री प्रयुक्त की गई तथा कुछ पुरानी सामग्री को ₹ 80,000 में बेचा गया।

सामग्री, श्रम एवं उपरिव्ययों में उस समय की तुलना में जबकि पुराना कारखाना बनाया गया था, क्रमशः 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत एवं 25 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। सामग्री, श्रम एवं उपरिव्ययों का मूल अनुपात क्रमशः 6 : 3 : 1 लिया जा सकता है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

7. Prepare summarized form of statement of profit and loss as per Schedule III, Part II of the Companies Act, 2013 of a company.

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-III के भाग-II के अनुसार कम्पनी के लाभ-हानि के विवरण के संक्षिप्त प्रारूप तैयार कीजिये।

8. What is meant by guarantee relating to dividend ?

लाभांश की गारण्टी से क्या आशय है ?

## Section–C

## (खण्ड–स)

9. The following informations are obtained from the books of Sunrise Co. Ltd. as at 31st March, 2019 :

सनराईज कम्पनी लिमिटेड की पुस्तकों से 31 मार्च, 2019 को निम्नांकित सूचनाएँ प्राप्त हुईं :

| | |
|---|---|
| Share Capital | ₹ |
| 10,000 Equity Shares of ₹ 10 each fully paid up | 1,00,000 |
| 10,000 Equity Shares of ₹ 10 each, ₹ 7.50 per share paid up | 75,000 |
| 10,000 Equity Shares of ₹ 10 each, ₹ 5.00 per share paid up | 50,000 |
| General Reserve | 1,35,000 |
| Liabilities to Sundry Parties | 55,000 |
| Fixed Assets less Depreciation | 1,67,000 |
| Commission on issue of shares | 6,000 |
| Share Issue Expenses | 9,000 |
| Floating Assets | 2,33,000 |

It is estimated that the normal average profit less tax of the company will be maintained at ₹ 34,000 and the expected rate for capitalization purpose is 8%.

Calculate the value of each type of shares by the assets backing method (Notional call basis) and also by the yield method.

यह अनुमान लगाया गया कि कर घटाने के पश्चात् कम्पनी के सामान्य औसत लाभ ₹ 34,000 कायम रह सकेंगे तथा पूँजीकरण के उद्देश्य हेतु सम्भावित दर 8% है। सम्पत्ति आधार विधि (काल्पनिक माँग आधार) तथा प्रतिफल विधि से प्रत्येक प्रकार के अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

10. A limited company which has a paid up share capital of ₹ 4,50,000 and a loss of ₹ 5,07,500 standing in its Balance Sheet went into voluntary liquidation on 31st March, 2019. The following are the particulars of its assets and liabilities as on that date : Plant, Stock and Debtors (which realized their book value) ₹ 3,45,000; Cash ₹ 5,000; Creditors ₹ 1,60,000; 8% Debentures carrying a floating charges of ₹ 2,00,000 and interest accrued thereon for six months. The Debentures were paid off with interest on 30th September, 2019 on which date the first and final dividend was also paid to the Creditors. Creditors for ₹ 20,000 were preferential and the rest unsecured. The cost of liquidation amounted to ₹ 2,000. The liquidator is entitled to 2% on the amount realized (including cash) and 1% on the amount distributed to the unsecured creditors by way of his own remuneration. Prepare the Liquidator's Final Statement of Account.

31 मार्च, 2019 को एक सीमित कम्पनी जिसकी चिट्ठे में प्रदर्शित पूँजी ₹ 4,50,000 तथा हानि ₹ 5,07,500 थी, ऐच्छिक समापन में गई उस तिथि को उसकी सम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण निम्नलिखित प्रकार था—संयंत्र, स्टॉक व देनदार (जिनके पुस्तक मूल्य वसूल हुए) ₹ 3,45,000, रोकड़ ₹ 5,000; लेनदार ₹ 1,60,000; चल प्रभार अधिकार वाले 8% ऋणपत्र, ₹ 2,00,000 तथा इन पर छः माह का उपार्जित ब्याज। ऋणपत्रों का 30 सितम्बर, 2019 का देय ब्याज राशि सहित भुगतान कर दिया गया। उस तिथि को लेनदारों को भी प्रथम तथा अंतिम लाभांश का भुगतान किया गया। ₹ 20,000 के लेनदार पूर्वाधिकार थे तथा शेष असुरक्षित थे। समापन व्यय ₹ 2,000 के थे। निस्तारक को वसूल की गई राशि पर 2% (रोकड़ को सम्मिलित करते हुए) तथा असुरक्षित लेनदारों को वितरित की गई राशि पर 1% पारिश्रमिक के रूप में पाने का अधिकार है। निस्तारक के अन्तिम हिसाब का विवरण बनाइए।

11. What are Inter Company transactions between holding and its subsidiary Companies ? Give a few examples of such transactions and state as to how they are deal with at the time of preparing Consolidated Balance Sheet ?

सूत्रधारी कम्पनी और उसकी सहायक कम्पनियों के मध्य अन्त:कम्पनी व्यवहार क्या होते हैं ? इस प्रकार के व्यवहारों के कुछ उदाहरण दीजिए और बताइये कि एकीकृत चिट्ठा बनाते समय इसका लेखांकन किस प्रकार किया जाता है ?

12. What is internal reconstruction ? How does it differ from external reconstruction ? Give an imaginary example of internal reconstruction. Also give Journal entries in the books of a company adopting internal reconstruction scheme.

आन्तरिक पुनर्निर्माण क्या है ? यह बाह्य पुनर्निर्माण से किस प्रकार भिन्न है ? आन्तरिक पुनर्निर्माण का एक काल्पनिक उदाहरण दीजिए। आन्तरिक पुनर्निर्माण योजना अपनाने वाली कम्पनी की लेखा पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ भी दीजिए।